देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 331 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 15 फरवरी 2020

विचार-प्रवाह...राष्ट्रीय राजनीति पर असर





मौसम अधिकतम 24.0° न्यूनतम 11.0° | 41257.74

2 माल्या अभी भी कर्ज चुकाने को तैयार

7 महेंद्र सिंह धोनी को खुद तय करना है

# पुलवामा बरसी पर राहुल के सवालों से बवाल

## पूछा कि पुलवामा हमले से किसे सबसे ज्यादा फायदा हुआ ?

■बीजेपी कहा– लश्कर और जैश से उनकी सहानुभूति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पुलवामा हमले से किसे सबसे ज्यादा फायदा? पुलवामा आंतकी हमले की पहली बरसी पर यह सवाल पूछने वाले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर बीजेपी ने जोरदार पलटवार किया है। बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा है कि गांधी परिवार फायदे से आगे कुछ सोच नहीं सकता तो जीवीएल नरसिम्हा ने राहुल को लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकवादी संगठनों के प्रति सहानुभूति रखने वाला बताया है। शुक्रवार को पुलवामा आतंकी हमले की पहली बरसी है। पिछले साल 14 फरवरी को जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर फिदायीन हमले में 40 सीआरपीएफ जवान शहीद हो गए थे।



### क्या हैं राहुल के तीन सवाल ?

राहुल गांधी के तीन सवालों में दो सवाल कुछ यूं हैं। उन्होंने पूछा है, इस हमले की जांच में क्या सामने आया?, बीजेपी की सरकार के वक्त में यह हमला हुआ था, सुरक्षा में हुई चूक के लिए किसे जिम्मेदार ठहराया गया है? उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया है, पिछले साल भयानक पुलवामा हमले में अपनी जिंदगी गंवाने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। वे सभी असाधारण लोग थे, जिन्होंने हमारे राष्ट्र की सेवा और रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। भारत उनकी शहादत को कभी कभी नहीं भूलेगा।

**बीजेपी का पलटवार:** बीजेपी नेता जीवीएल नरसिम्हा ने ट्वीट किया, श्जब राष्ट्र पुलवामा हमले के शहीदों को याद कर रहा है। लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद से सहानुभूति के लिए जाने जाने वाले राहुल गांधी ने ना सिर्फ सरकार पर बल्कि सुरक्षा बलों पर भी निशाना साधा। राहुल कभी भी वास्तविक दोषी पाकिस्तान से सवाल नहीं करेंगे। शर्म करो राहुल।

बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने ट्वीट किया, वह एक नीचतापूर्ण हमला था और यह एक नीचतापूर्ण बयान है। किसे सबसे ज्यादा फायदा हुआ? मिस्टर गांधी क्या आप फायदे से आगे सोच सकते हैं? बेशक नहीं...यह कथित गांधी परिवार फायदे से ज्यादा कभी नहीं सोच सकता केवल भौतिकवादी ढंग से भ्रष्ट नहीं, उनकी आत्मा भी भ्रष्ट है।

**शहीद जवानों को श्रद्धांजलि:** पुलवामा में 14 फरवरी 2019 को हुए आत्मघाती हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के 40 जवानों को देशभर में श्रद्धांजलि दी जा रही है। श्रीनगर स्थित सीआरपीएफ के लेथपोरा में मेमोरियल पर शहीद जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

### इंदिरा-राजीव की हत्या का फायदा किसे हुआ ?

राहुल गांधी के इस ट्वीट के बाद भारतीय जनता पार्टी के नेता कपिल मिश्रा ने कांग्रेस नेता पर पलटवार किया है। कपिल मिश्रा ने लिखा है, शर्म करो राहुल गांधी। पूछते हो पुलवामा हमले से किसका फायदा हुआ? अगर देश ने पूछ लिया कि इंदिरा राजीव की हत्या से किसका फायदा हुआ, फिर क्या बोलोगे। इतनी घटिया राजनीति मत करो, शर्म करो। बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने ट्वीट किया, ...हमला होने दिया? क्या मिस्टर गांधी आप यह कह रहे हैं कि पाकिस्तान पुलवामा हमले के लिए जिम्मेदार नहीं है?

## संक्षिप्त समाचार

### केजरीवाल ने दिया पीएम मोदी को शपथग्रहण का न्योता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के नए शपथग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया गया है। पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने पीएम मोदी को शपथ के लिए बुलाया है। बता दें कि अरविंद केजरीवाल लगातार तीसरी बार दिल्ली के सीएम के तौर पर शपथ लेंगे। 11 फरवरी, मंगलवार को दिल्ली चुनाव नतीजे आने के बाद से ही आम आदमी पार्टी शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक, अरविंद केजरीवाल ने 16 फरवरी को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के लिए पीएम मोदी को भी बुलाया है। इसके अलावा दिल्ली से 7 बीजेपी के सांसदों को भी बुलाया गया है।

### उमर अब्दुल्ला की हिरासत के खिलाफ याचिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नैशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला को हिरासत में लिए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन को नोटिस जारी किया है। अब्दुल्ला की बहन सारा अब्दुल्ला पायलट ने लोक सुरक्षा कानून के तहत अपने भाई उमर अब्दुल्ला की हिरासत को चुनौती दी थी। कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन को 2 मार्च तक अपना जवाब देने के लिए कहा है। इस तरह उमर अब्दुल्ला फिलहाल 2 मार्च तक हिरासत में ही रहेंगे।

### दिल्ली-एनसीआर में लगे कंस्ट्रक्शन बैन को हटाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में पलूशन रोकने के लिए लगाए गए कंस्ट्रक्शन बैन को सुप्रीम कोर्ट ने हटाने का आदेश दिया है। इस व्यवस्था के तहत अब दिल्ली-एनसीआर में शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक निर्माण कार्य जारी रखा जा सकेगा। जस्टिस अरुण मिश्रा और जस्टिस दीपक गुप्ता की पीठ ने शुक्रवार को कोर्ट के पहले के फैसले को बदलते हुए निर्माण कार्य पर लगा बैन हटा दिया है।

### निर्भया केसः दोषी विनय शर्मा की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को निर्भया सामूहिक बलात्कार और हत्या मामले में मौत की सजा पाये दोषी विनय कुमार की याचिका खारिज कर दी। विनय कुमार ने राष्ट्रपति द्वारा उसकी दया याचिका खारिज किए जाने के आदेश को चुनौती दी थी।

जस्टिस आर भानुमति, जस्टिस अशोक भूषण और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की पीठ ने विनय कुमार शर्मा की याचिका खारिज करते हुए कहा कि इसमें दया याचिका खारिज करने के आदेश की न्यायिक समीक्षा का कोई आधार नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि राष्ट्रपति के सामने शर्मा की मेडिकल रिपोर्ट सहित सारी सामग्री पेश की गई थी।

# पाकिस्तान ने एक बार फिर की नापाक हरकत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पाकिस्तान ने एक बार फिर नापाक हरकत की है। पाक रेंजर्स ने पूंछ सेक्टर में ताबड़तोड़ फायरिंग की है। सीमा पार से हुई इस कार्रवाई का भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। ताजा जानकारी के मुताबिक पाक फायरिंग में एक ग्रामीण की जान चली गई। इस हमले में चार लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। आपको बता दें कि पुलवामा आतंकी हमले की बरसी पर आज इस तरह की उकसाने वाली कार्रवाई से दोनों देशों में तनाव और बढ़ सकता है।

**गांवों पर पाक सेना ने दागे मोर्टार**

### पुलवामा की बरसी पर पाक ने गांवों पर दागे मोर्टार

**मोर्टारः** अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने जिले के शाहपुर और करनी इलाकों में गांवों और अग्रिम चौकियों को निशाना बनाकर मोर्टार दागे और छोटे हथियारों से गोलीबारी की। पाकिस्तान ने गांवों को निशाना बनाने के लिए 120-एमएम के मोर्टार इस्तेमाल किए। यह हमला पुलवामा आतंकी हमले की बरसी के मौके पर हुआ है। एक साल पहले अर्धसैनिक बलों के काफिले पर हुए हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे। इससे पहले आठ फरवरी को भी पाकिस्तान ने संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए गोलीबारी की थी, जिसमें एक भारतीय जवान शहीद हो गया था। भारतीय सेना ने अभी तक इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। एक न्यूज चैनल पर गोलीबारी के बाद धुंआ उठते हुए विजुअल दिखाया गया है। पाक प्रवक्ता फारूकी ने कहा कि अगर भारत सरकार ने इस तरह की कोई कार्रवाई की तो पाक इसका माकूल जवाब देगा।



### भारत-पाक के बीच बढ़ सकता है तनाव

पाकिस्तान ने ये हरकत तब की है जब तुर्की के राष्ट्रपति रिसेप तैयब एर्दोगान इस्लामाबाद के दौरे पर हैं। संघर्ष विराम के उल्लंघन से पहले पाकिस्तान ने कहा था कि भारत अगले कुछ दिनों में बड़ी कार्रवाई कर सकता है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता आएशा फारूकी ने बकायदा प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा इमरान खान सरकार को इस तरह का डर है। हालांकि इसका ठोस कारण वो नहीं बता सकीं। फारूकी ने कहा कि तुर्की के राष्ट्रपति रिसेप तैयब एर्दोगान पाकिस्तान के दौरे पर हैं।

# कश्मीर पर तुर्की की चौधरी बनने की कोशिश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दिल्ली। तुर्की के राष्ट्रपति रिसेप तैयप एर्दोगान ने कश्मीर मुद्दे पर टांग अड़ाई है। पाकिस्तानी संसद के दोनों सदनों को संबोधित करते हुए उन्होंने ऐसा बयान दिया है जिससे भारत के साथ रिश्ते खराब हो सकते हैं। एर्दोगान ने कहा कि कश्मीर में जुल्म हो रहा है और वो चुप नहीं रहेंगे। उन्होंने पाकिस्तानी पीएम इमरान खान को बेशर्त समर्थन देने का वादा कर डाला।

एर्दोगान का पूरा भाषण इस्लाम और मुसलमान के इर्द गिर्द घूमता रहा। मुस्तफा कमाल पाशा ऊर्फ अतातुर्क की धर्मनिरपेक्ष सांस्कृतिक विरासत के उलट एर्दोगान मानो दुनिया भर के मुसलमानों के रहनुमा बनने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोई जमीन पर खींची हुई सीमा इस्लाम मानने वालों को बांट नहीं सकती। एर्दोगान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी लपेटा। उन्होंने कहा कि मध्य-पूर्व में अमेरिका का पीस प्लान दरअसल आक्रमणकारी नीयत है। उन्होंने कहा कि जहां भी मुसलमान मारे जा रहे हैं वहां मुस्लिम देशों को एकजुट होने की जरूरत है।

### बड़े बोल

कश्मीर में हो रहे जुल्म पर पाकिस्तान के साथ हैं

**एर्दोगान का इमरान से वादा**

इमरान खान और बाकी सांसदों की तालियों के बीच एर्दोगान ने कहा कि वो फाइनेन्सियल एक्शन टास्क फोर्स की बैठक में भी बिना शर्त पाकिस्तान का समर्थन करेंगे। एर्दोगान ने पाक को अपना दूसरा घर बताकर इमरान को खुश कर दिया। यही नहीं आतंकवाद के जनक पाकिस्तान को उन्होंने इसका सबसे बड़ा भुक्तभोगी बता दिया।

**एर्दोगान ने कहा, आपका दर्द मेरा दर्द है**

एर्दोगान ने कहा, आपका दर्द मेरा दर्द है। हमारी दोस्ती प्यार और सम्मान पर आधारित है। पाकिस्तान तरक्की की तरफ है और ये कुछ दिनों में नहीं हो सकता। इसमें वक्त लगेगा और तुर्की इसमें सहयोग करता रहेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि वो पाक संसद में आकर अपनो के ६ न्य पा रहे हैं। इससे पहले 2016 में भी वो पाकिस्तानी संसद को संबोधित कर चुके हैं। इससे पहले इमरान खान ने खुद एर्दोगान की गाड़ी ड्राइव की और उन्हें राष्ट्रपति भवन तक ले गए।

# कांग्रेस के गायब होने से दिल्ली में हारी बीजेपीः प्रकाश जावड़ेकर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पुणे। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस का अचानक गायब हो जाना दिल्ली में बीजेपी की हार के लिए जिम्मेदार बना। दिल्ली में बीजेपी के चुनाव प्रभारी रहे जावड़ेकर ने कहा कि इसकी वजह से आप और बीजेपी के बीच सीधे मुकाबले की स्थिति पैदा हुई।

उल्लेखनीय है कि सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप को दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत हासिल हुआ है और 70 में से 62 सीटें अपने नाम करने में कामयाब रही है, जबकि बीजेपी को 8 सीटों से संतोष करना पड़ा।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in